हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

&

inh 24x7
बढ़ते भारत की आवाज

मिल्कियाना®
Balanced Cattle Feed
Presents

कृषि संवाद

Agriculture Canclave 2026



Thursday, 22 Oct 2026

Vivekanand Auditorium,
Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Raipur (C.G.)

Supported By

NABARD

aries agro limited

KSC TECHNO PVT. LTD.
Pioneering a Digital Revolution

Health Partner
ITSA HOSPITALS
HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.

SARDA

tirupati धार्मिक यात्रा सेवा समिति

AVK™

ए.एन.आटोमोबाईल

AANDRAYA ENTERPRISES

खबर संक्षेप





ग्राम करेली छोटी में 220 ज्योत जले

मगरलोड। ग्राम करेली छोटी में रामेश्वर भगत के निवास में माता दुर्गा व काली माता की मूर्ति स्थापित है। प्रतिवर्ष क्वांर नवरात्रि में मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की जाती है। माता के भक्तों द्वारा नवरात्रि में 188 तेल व 32 घी सहित 220 मनोकामना ज्योति जलाई गई है। माता के दर्शन के लिए सुबह शाम श्रद्धालु आ रहे हैं।

सोरिद में डीजे डांस 16 अक्टूबर को

धमतरी। यादगार दुर्गा उत्सव समिति शांति चौक सोरिद नगर द्वारा 16 अक्टूबर को डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। सामूहिक डांस में प्रवेश शुल्क 151 रुपये है। इसमें प्रथम पुरस्कार 2,101 रुपये और द्वितीय पुरस्कार 1,101 रुपये दिया जाएगा। वहीं एकल एवं युगल डांस के लिए प्रवेश शुल्क 101 रुपये है। इस श्रेणी में प्रथम पुरस्कार 1,101 रुपये तथा द्वितीय पुरस्कार 501 रुपये निर्धारित है। प्रतियोगिता की तैयारी में रवि, टोकेश्वर, उमेश समेत समिति के सदस्य जुटे हैं।

बिना ऑपरेशन के
अंडकोष : सूजन के साथ पानी आना, दर्द होना।
बवासीर : मस्सा होना, दर्द होना, खून आना।
भगन्दर : मलद्वार के पास फुंसी, मवाद आना, दर्द।
इन सभी बीमारियों को दवा के द्वारा गारंटी के साथ इलाज किया जाता है।
गुप्त रोग : यौन क्षमता में कमी, शीघ्रपतन, दाम्पत्य जीवन में सुख से वंचित।
सभी प्रकार के गुप्त रोगों का इलाज किया जाता है
विश्वसुख क्लीनिक
टिकरापारा चौक, शिव मंदिर के पीछे, बस्तर रोड, धमतरी
समय :- सुबह 9 से 2 बजे, शाम 4 से 8 बजे
संपर्क नंबर - 9907446636

नवाचार और स्टार्टअप को बढ़ावा देने इनोवेशन चैलेंज शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय में इनोवेशन चैलेंज का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार, प्रभारी प्राचार्य अश्विनी ध्रुव के मार्गदर्शन तथा सहायक नोडल अधिकारी एवं प्लेसमेंट प्रभारी कौशल नायक के संयोजन में हुआ। कार्यक्रम में नगरी क्षेत्र के लगभग 150 से 160 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इसमें आईटीआई नगरी से लगभग 50 से 60 विद्यार्थी एवं शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय के 100 विद्यार्थियों ने अपना पंजीकरण कराया। यह कार्यप्रणाली वाणिज्य विभाग के नोडल अधिकारी प्रशांत चंद्राकर के माध्यम से संचालित की गई।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार, उद्यमिता एवं स्टार्टअप के प्रति जागरूकता विकसित करना तथा उन्हें नवाचार से जुड़ी गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित करना है। लगभग 30 से 40 विद्यार्थियों द्वारा अपने अनूठे विचार प्रस्तुत किए गए। उमेश महिलांगे द्वारा धमतरी जिले में संचालित युवा धमतरी पोर्टल पर युवाओं को रजिस्ट्रेशन के लिए प्रोत्साहित किया गया।

विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए नए आइडिया उद्यमिता और कौशल विकास पर जोर



प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि स्कूल, महाविद्यालय की शिक्षा प्रणाली सामान्य शिक्षा प्रणाली होती है। यदि रोजगार के लिए विशेष शिक्षा प्राप्त करनी पड़ेगी जो कौशल विकास से ही संभव है। ये नवाचार एवं उद्यमिता की ओर प्रेरित करता है। इनोवेशन चैलेंज मुख्य रूप से 10 प्रमुख क्षेत्र में कार्य करता है। यह चैलेंज राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हो रहा है, जिसके अंतर्गत मध्य प्रांत में दमन, दीव, गोवा, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश शामिल हैं। इस सेवा संकल्प इनोवेशन चैलेंज के तहत लगभग 5 करोड़ रुपये का पुरस्कार रखा गया है।

नोडल अधिकारी प्रशांत चंद्राकर ने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे आगे आएं और अपने विचार एवं आइडिया प्रस्तुत करें।

कार्यक्रम में डा. दीपा देवांगन, प्रो. हितेशानंद ठाकुर, प्रो. लोकेश्वरी राठिया, मनोज बारले, सीता नेताम, प्रियंका, कृष्ण सिन्हा, डॉ. अंबा शुक्ला, प्रमोद चौरे, देवेश जोशी, खेमचंद, लाकेशकुमार, योगेश गोन्डाने, गंगाधर ने अपनी सहभागिता प्रदान की। मौके पर वरिष्ठ प्राध्यापक डा. रमेश देवांगन, आरआर मेहरा समेत अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

रेत माफिया बेखौफ, मेघा पुल क्षतिग्रस्त होने के बाद भी प्रशासन मौन

महानदी में रेत का अवैध खनन और डंपिंग करने का चल रहा खेल





हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

ब्लॉक मुख्यालय के महानदी किनारे रेत का अवैध खनन कर डंप कार्य जोरों पर चल रहा है। मेघा, अरौद, कुंडेल, भोथा, करेली छोटी, पहंदा, बोरसी सहित दर्जनों गांवों में महानदी से रेत का अवैध खनन कर डंप किया जा रहा है। राज्य शासन के नियमों , कानून को ताक पर रखकर रेत माफिया सक्रिय होकर कार्य कर रहे हैं। रेत माफिया पर शासन का अंकुश बेअसर साबित हो रहा है। वे शासन तंत्र की सहमति का हवाला देकर खुलेआम रेत डंप कर हाइवा को बेच रहे हैं जिससे शासन को प्रतिदिन लाखों रूपये की राजस्व हानि हो रही है। राजस्व विभाग, पुलिस विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

महानदी में विगत 2 से 3 वर्षों से लगातार रेत का अवैध खनन हो रहा है। मेघा महानदी पुल के आसपास प्रतिदिन चेन मशीन से अवैध खनन कर ट्रैक्टर , हाइवा से परिवहन करने से मेघा में करोड़ रुपए की लागत से बना पुल (सेतु) टूटकर बिखर गया है। महानदी पुल टूटने से प्रतिदिन हजारों राहगीर भटक रहे हैं। इसके बाद भी शासन-प्रशासन मौन है। आम जनता में प्रशासन के प्रति आक्रोश देखा जा रहा है।

इस संबंध में खनिज विभाग के अधिकारी से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

शासन को प्रतिदिन लाखों का नुकसान

महानदी से अवैध रेत खनन कर बेचने से शासन को प्रतिदिन लाखों रुपए की राजस्व हानि हो रही है। शासन - प्रशासन द्वारा पिटपास प्रदान कर परिवहन कराया जाता तो प्रतिदिन लाखों रूपए राजस्व की प्राप्ति होगी। प्राप्त राजस्व जनहित में निर्माण कार्य करने में सहयोग मिल सकता है।

तेज रफ्तार वाहन से दुर्घटना की आशंका

मेघा, अरौद, कुंडेल, भोथा, करेली छोटी,पहंदा, बोरसी मार्ग में तेज रफ्तार से ट्रैक्टर, हाइवा दौड़ रहे हैं। स्कूली बच्चे, आम जनता की सुबह से शाम तक उक्त सड़क मार्ग में आवाजाही होती है। वाहन चालकों में रेत डंप करने एक दूसरे से स्पर्धा हो रही है।

अटंग हाईस्कूल के विद्यार्थियों ने जीते स्वर्ण एवं रजत पदक

- 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा कुराश प्रतियोगिता बलौदाबाजार में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री



26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा कुराश प्रतियोगिता का आयोजन 3 से 6 अक्टूबर तक बलौदाबाजार में किया गया। प्रतियोगिता में शाउमावि अटंग के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल किए और विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया।

अंडर-14 वर्ष बालक वर्ग में विद्यालय के छात्र थानेंद्र साहू पिता लीलेश्वर ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया। वहीं अंडर-19 वर्ष बालिका वर्ग में छात्रा चेतना साहू पिता राजूराम ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। दोनों विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय, परिवार एवं क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

मेहनत, लगन एवं खेल के प्रति समर्पण की सराहना की

इस उपलब्धि पर प्राचार्य नूतनलाल चंदाकर ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों की मेहनत, लगन, अनुशासन एवं खेल के प्रति समर्पण की सराहना की।व्यायाम शिक्षक चेतन साहू के मार्गदर्शन एवं योगदान को भी सराहा।

शाला विकास समिति के अध्यक्ष रोशन चंद्राकर, उपाध्यक्ष शांति साहू, सदस्यगण शिवकुमार साहू, सरपंच श्रीमती गायत्री, इंद्रजीत चेलक, जेएल साहू, एमके ध्रुव, प्रकाश साहू, प्रमोद यादव, जी. यादव, पार्वती चंद्राकर, रितु चंद्राकर, ममता साहू, संगीता भंडारी, वासुदेव ध्रुव, वी.ध्रुव, लुकेश्वर साहू, योगेश साहू एवं कौशल साहू ने हर्ष जताया है।

दोनों विद्यार्थियों को किया सम्मानित

विद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, क्षेत्र एवं छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करेंगे।

गुप्त रोगी संपर्क करें
पुरुष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले वीर्य स्खलित हो जाना, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना। आयुर्वेदिक द्वारा सफल स्थाई ईलाज। निराश रोगी संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के पास धमतरी
मो. 91744-66336

रासेयो इकाई ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭अमलीडीह(धमतरी)



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने प्राचार्य एमके ठाकुर के निर्देशन व कार्यक्रम अधिकारी संतोष जैन के मार्गदर्शन में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। स्वयंसेवकों ने शीतला मंदिर परिसर के आसपास के पॉलीथिन, कागज, रैपर व अन्य कचरा तथा कटीली झाड़ियों की साफ-सफाई की तथा उसका उचित निपटान किया। इस दौरान लोगों को स्वच्छ परिसर-स्वस्थ परिसर बनाए रखने तथा मंदिर परिसर में कचरा न फैलाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम अधिकारी संतोष कुमार जैन ने कहा कि रासेयो विद्यार्थियों में सेवा, समर्पण, अनुशासन और सामाजिक दायित्व की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है तथा इनकी नियमित गतिविधियां स्वयंसेवकों को आजीवन सीखने का अवसर प्रदान करती है। इस अभियान में पंडित नरसिंहनाथ व अन्य 63 स्वयंसेवको की भागीदारी रही।

पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में यूथ रेडक्रॉस सोसायटी इकाई व यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के पूर्व जिला संगठक आकाशगिरी गोस्वामी के मार्गदर्शन में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर करंज, बादाम, अशोक जैसे विभिन्न पौधों का रोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ, सुंदर एवं संतुलित बनाए रखने का संदेश दिया गया। साथ ही लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल, सिंचाई एवं संरक्षण के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया।

रेडक्रॉस सोसायटी के पूर्व जिला संगठक श्री गोस्वामी ने भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम में रमेश कुमार अतिथि सहायक प्राध्यापक , छात्र- छात्राएं खुशबू, तुलसीरानी, ईशान, टिकेश्वर, दुर्गेश्वरी, मंदाकिनी, पूजा, रेणुका, दिलेश्वरी की उपस्थिति रही।

पेड़ पौधे हमारे जीवन का आधार : डॉ. मनदीप

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। पौधे हमारे जीवन का आधार हैं तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में उनकी अहम भूमिका है। पौधरोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण भी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं रामकिसन पिता इतवारी राम साहू ग्राम-कानीडबरी, तहसील-धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.) का निवासी हूं। यह कि मेरा नाम शाला रिकार्ड, पेन कार्ड, आधार कार्ड एवं राशन कार्ड में रामकिसन पिता इतवारी राम साहू दर्ज है जो कि सही है। जबकि राजस्व रिकार्ड में मेरा नाम जागेश्वर पिता इतवारी राम साहू भूलवश दर्ज हो गया है, जिसे सुधार कर रामकिसन पिता इतवारी राम साहू किया जावे।

अतः आज से समस्त शासकीय एवं अर्धशासकीय दस्तावेजों में रामकिसन पिता इतवारी राम साहू दर्जकर मुझे आज से इसी नाम से जाना-पहचाना व पुकारा जावे।

दिनांक : 09/10/2026
स्थान : धमतरी

भवदीय
रामकिसन साहू
पिता-इतवारी राम साहू
निवासी-ग्राम-कानीडबरी, तहसील-धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

मैं परमेश्वर गजेन्द्र पिता प्रेम सिंग, जाति कलार, निवासी तहसील मगरलोड, जिला धमतरी छ.ग., पिनकोड 493773 शपथ पूर्वक निम्नलिखित बयान करती हूँ कि :-

मैं उपरोक्त पते की मूल निवासी हूँ। यह कि सही व वास्तविक नाम परमेश्वर गजेन्द्र तथा यही नाम मेरे शैक्षणिक दस्तावेज, मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड एवं पैनकार्ड में अंकित है। इसी प्रकार मेरे नाम से कास्तकार ग्राम अंजोरा, तहसील मगरलोड, जिला धमतरी, छ.ग. के राजस्व अभिलेख में मेरा नाम नारायण सिंह उर्फ परमेश्वर अंकित है। यह कि उक्त दोनों नाम परमेश्वर गजेन्द्र एवं नारायण सिंह उर्फ परमेश्वर मेरे एक ही व्यक्ति का नाम है, अन्य कोई दूसरा नहीं है तथा मुझे दोनों नाम से जाना पहचाना जाता है। यह कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी सत्य एवं सही है। किसी प्रकार की असत्य पाये जाने पर संपूर्ण जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी।

यह कि राजस्व अभिलेख में दर्ज नारायण सिंह उर्फ परमेश्वर के स्थान पर मेरा सही व वास्तविक नाम परमेश्वर गजेन्द्र अंकित करने की पुष्टि में यह शपथ पत्र गजट प्रकाशन (छत्तीसगढ़ के राजपत्र) हेतु दे रही हूँ जो कि पूर्ण रूप से सही है।

स्थान-मगरलोड
दिनाँक-13/10/2026

शपथकर्ता
परमेश्वर गजेन्द्र पिता प्रेम सिंग
जाति-कलार निवासी ग्राम-अंजोरा
तहसील-मगरलोड, जिला-धमतरी, (छ.ग.)

मौरीकला, कठौली, धूमा में रामधुनी स्पर्धा का समापन

- मौरीकला में 6 झांकी और 6 गायन मंडलियों ने दी प्रस्तुति, दही लूट आयोजन ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री



ग्राम मौरीकला (गुफा) में आयोजित दो दिवसीय अखंड रामधुनी एवं राम सप्ताह प्रतियोगिता का शनिवार को भव्य झांकियों और रामधुनी की प्रस्तुतियों के साथ समापन हुआ। आयोजन में 6 झांकी मंडलियों और 6 गायन मंडलियों ने भाग लेकर भक्तिमय प्रस्तुतियां दीं। भगवान श्रीराम के भजनों और रामधुनी का आनंद लेने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। प्रतियोगिता में विभिन्न गांवों से पहुंची रामधुनी मंडलियों ने भक्ति गीतों के माध्यम से भगवान श्रीराम की महिमा का गुणगान किया। आकर्षक झांकियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। अंतिम दिन भगवान श्रीकृष्ण की दही लूट का आयोजन भी किया गया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिपं उपाध्यक्ष गौकरण साहू ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से धर्म, ईश्वर के प्रति आस्था बढ़ता है। गांव में सुख समृद्धि, आपसी भाईचारा का भाव देखने को मिलता है। मौके पर थानेश्वर तारक महामंत्री सिर्री मंडल, वीणा साहू सरपंच, खुशबू यादव पूर्व सरपंच, रामगुलाल साहू पूर्व सरपंच, जयमित्र साहू सरपंच गोजी, पोखरा साहू, रामकुमार साहू, बरातूराम साहू, देवलाल पाल, धूमा के पूर्व सरपंच भुनेश्वर साहू, विशाल नगारची समेत अन्य उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari

धमतरी क्रिश्चियन अस्पताल
TO SERVE, NOT TO BE SERVED
ESTD. - 1910
- न्यूरोसर्जरी : सटीक देखभाल के लिए -
दिमाग | रीढ़ | तंत्रिका
EXPERTISE | EMPATHY | BETTER OUTCOMES
बस स्टैण्ड के पास धमतरी (छ.ग.)
94249-42992
उन्नत न्यूरोसर्जिकल देखभाल के लिए जीवन को बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध
डॉ.आशना जबीन
MBBS, DrNB (Neurosurgery)
धमतरी क्रिश्चियन अस्पताल में न्यूरो सर्जन प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे

24 घंटे भर्ती सुविधा
एनआईसीयू
आईसीयू
पीडियाट्रिक वार्ड
टीकाकरण
ओपीडी
बच्चों का अस्पताल
सिद्धिविनायक
'आपके बच्चे का स्वास्थ्य हमारे हाथ'
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ (पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़)
अंबेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी मो. 9981321524, 7223011528

HEALTH TOWN
न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
मॉं और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी. सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
उपलब्ध सुविधाएँ-
गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श
नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार
TPA की सुविधा
संपर्क करें- 9009553889, 9090204620
पता - एकता नगर, अंबेडकर चौक के पास, रूद्रीबारी रायपुर
शाखा : मातृ स्मृति मंगल बाजार, नाथनी मंदिर के सामने, रूद्रीबारी, रायपुर

स्पाइन
रीड की हड्डी एवं नसों का इलाज, न्यूरो-पंचकर्म विधि द्वारा किया जाता है।
समय : सुबह 9.30 से रात 9.30 बजे तक
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(25 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
9039050422, 9179455561
सरस्वती दाल मिल के सामने, गली नं. 3, अशोक विहार, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, फाफाडीह मेन रोड, रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जौजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 14 अक्टूबर 2026
कुरुद | सिरीं | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

2 महानदी में रेत का अवैध खनन, और डंपिंग करने...



4 धमतरी में एडवेंचर टूरिज्म को नई उड़ान, सटियारा में शुरु..



ओपन परीक्षा में 10वीं,12वीं पास छात्र-छात्राओं के लिए रोजगारमुखी प्रशिक्षण फायर सेफ्टी के द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)
संपर्क करें: मो. 7697212782
Advt.

पीवी ऐप की समस्याओं के विरोध में पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राजस्व पटवारी संघ जिला इकाई धमतरी ने पीवी ऐप (डिजिटल क्रॉप सर्वे) की व्यावहारिक समस्याओं, जोखिमपूर्ण कार्य परिस्थितियों और विभागीय कार्रवाई के विरोध में 13 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। जिले के पटवारी गांधी मैदान में धरने पर बैठे हैं। संघ ने अपनी मांगों को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। पटवारियों का कहना है कि मांगों का उचित समाधान होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

वेतन विसंगति को दूर करने और दमनात्मक कार्रवाई वापस लेने की मांग



चार प्रमुख मांगों को लेकर आंदोलन

राजस्व पटवारी संघ ने पीवी ऐप की तकनीकी कमियों को दूर कर इसे व्यावहारिक बनाने तथा जोखिमपूर्ण परिस्थितियों में बाध्यकारी सर्वे बंद करने की मांग की है। इसके साथ ही विभिन्न जिलों में पटवारियों के विरुद्ध की गई निलंबन, कारण बताओ नोटिस और अन्य दंडात्मक कार्रवाइयों को वापस लेने, लंबित वेतन विसंगति का निराकरण करने तथा पदोन्नति एवं कैरियर एडवांसमेंट के मामलों में ठोस निर्णय लेने की मांग की गई है।

संघ के अनुसार, पीवी ऐप के माध्यम से फसलों का भौतिक सत्यापन करने में कई व्यावहारिक कठिनाइयां आ रही हैं। वर्षाकाल में खेतों में जलभराव, कीचड़ और प्रतिकूल मौसम के बावजूद सर्वे करने का दबाव रहता है। इससे पटवारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को खतरा उत्पन्न होता है। इसके अलावा एग्रीस्टेक पंजीयन, किसान पंजीयन, बकेट क्लेम, जनगणना, रेलवे और राष्ट्रीय राजमार्ग सर्वे, स्वामित्व योजना तथा विभिन्न प्रमाण-पत्र से संबंधित कार्यों का अतिरिक्त बोझ भी बना हुआ है।

हड़ताल में जिला अध्यक्ष वासुदेव भोई, कार्यकारी जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र ध्रुव, सचिव विकास साहू, उपाध्यक्ष प्रकाश साहू, राजेश चन्द्राकर, संगीता साहू, सहसचिव हिरेन्द्र सिन्हा, कोषाध्यक्ष विनोद पटेल, जिला संयोजक किशोर कश्यप, पन्नालाल ठाकुर, सहसंयोजक दीपक नेताम, संगठन मंत्री खोवाराम साहू, डोमन प्रकाश बंजारे, हेमंत चन्द्राकर, नवीन चन्द्राकर, प्रवक्ता विवेक जैन, लोकेश गंजीर, मो. इरफान, रजनी आनेश्वरी, झरना कौशिक, अन्नू सिंह, पूजा तिवारी, वीरेन्द्र बैस, रमेश लहरे, वेदप्रकाश साहू, प्रवीण टिकरिहा समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
14 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
8

नवरात्रि विशेष



चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा है. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं. सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.
वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्घकृत शेखराम।
सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम।।

खबर संक्षेप

देवपुर में राज्यस्तरीय डीजे डांस स्पर्धा 20 को

नगरी। ग्राम देवपुर रावणभाठा में 20 अक्टूबर मंगलवार को राज्यस्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन होगा। सामूहिक नृत्य में प्रवेश शुल्क 200 रुपये, जबकि युगल एवं एकल नृत्य के लिए 100-100 रुपये है। सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 15 हजार, द्वितीय 8 हजार और तृतीय 5 हजार रुपये दिया जाएगा। युगल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 8 हजार, द्वितीय 5 हजार और तृतीय 3 हजार रुपये तथा एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 5 हजार, द्वितीय 3 हजार और तृतीय 2 हजार रुपये का पुरस्कार रखा गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता खेमेन्द्र साहू करेंगे। मंच संचालन किरण सोम करेंगे। प्रतियोगिता की तैयारी में वेदप्रकाश साहू, नवीन सांग, नीलम, वासु यादव समेत समिति के सदस्य जुटे हैं।

कालाबाजारी रोकने के लिए खाद वितरण की नई व्यवस्था लागू

अब डिजिटल प्लेटफार्म पर मिलेगी खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अब डिजिटल प्लेटफार्म पर खाद मिलेगी। व्यवस्था इतनी पारदर्शी होगी कि खाद के लिए किसान खुद ही अपना टोकन काटेंगे। वे निजी दुकानों और सहकारी समितियों में खाद खरीदी के लिए टोकन काट सकेंगे। इस व्यवस्था से जहां खाद की कालाबाजारी रूकेगी, वहीं किसानों को समय पर खाद मिलेगी। इस व्यवस्था के तहत किसानों को फसल के अनुसार अनुशंसित खाद ही दी जाएगी।

खाद की कालाबाजारी को लेकर लगातार शिकायत मिल रही थी। महंगे दाम और नकली खाद की शिकायत भी आम बात है। इन समस्याओं को देखते हुए अब शासन ने खाद वितरण व्यवस्था को पूरी तरह से डिजिटल कर दिया है। इसके लिए फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर एप लांच किया गया है। इस एप को प्लेस्टोर से डाउनलोड करने के बाद किसान अपना आधार कार्ड डालकर पंजीयन करावाएंगे। इसी एप के माध्यम से वे टोकन कटवाकर पसंदीदा दुकान



या सहकारी समिति से खाद खरीद सकेंगे। नई व्यवस्था का उद्देश्य उर्वरकों की कालाबाजारी रोकना, वितरण में पारदर्शिता लाना और किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण खाद उपलब्ध कराना है। कृषि विभाग के अनुसार मोबाइल एप आधारित उर्वरक वितरण प्रणाली को पहले गरियाबंद और बीजापुर जिले में मॉडल के रूप में लागू किया गया था। इस रबी सीजन से पूरे प्रदेश में इसे लागू कर दिया गया है। 1 अक्टूबर से इस नई डिजिटल व्यवस्था के तहत खाद वितरण व्यवस्था लागू कर दी गई है।

ऐसे लेना होगा खाद

नई व्यवस्था के तहत किसान अपने मोबाइल में गूगल प्ले स्टोर से फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर एप डाउनलोड करना होगा। आधार नम्बर डालने के बाद वेरिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। लैंड रिकार्ड डालकर फसल का प्रकार चयन करना होगा। इसके बाद वैज्ञानिक अनुशंसा के आधार पर दिए गए उर्वरकों का चयन करना होगा। प्रक्रिया पूरी करने के बाद एप में ही क्यूआर कोड जनरेट होगा। इस एप में दुकानों और सोसाइटियों में उपलब्ध खाद की स्थिति भी दिखेगी। किसान पसंदीदा दुकान या सोसाइटी से क्यूआर कोड दिखाकर खाद ले सकेंगे। जिन किसानों के पास मोबाइल फोन नहीं है, वे परिवार के किसी अन्य सदस्य के मोबाइल का उपयोग कर सकते हैं। इसके अलावा कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से भी प्रक्रिया पूरी करने की सुविधा मिलेगी। इससे डिजिटल साधनों से वंचित किसानों को भी इस व्यवस्था का लाभ मिल सकेगा। खाद वितरण की इस व्यवस्था के लिए एग्रीस्टेक पंजीयन अनिवार्य नहीं है। किसानों को पीओएस मशीन के माध्यम से ही खाद का विक्रय किया जाएगा।

किसानों को देंगे जानकारी

यह व्यवस्था पूरी तरह से डिजिटल और नई है, जिसके चलते किसानों को परेशानी हो सकती है। कृषि उपसंचालक मोनेश साहू ने बताया कि विभाग किसानों की हर तरह से मदद करेगा। गांवों में बैठक लेकर किसानों को इस एप के बारे में पूरी जानकारी दी जाएगी। इस व्यवस्था को लागू करने से पहले जिला पंचायत के सभाकक्ष में एक दिवसीय वर्चुअल प्रशिक्षण हुआ। प्रशिक्षण में राज्य स्तर से इस व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण के माध्यम से मास्टर ट्रेनर भी तैयार किए गए, जो अन्य लोगों को प्रशिक्षण दे सकेंगे।

दिव्यांग युवती ने जहर सेवन कर आत्महत्या की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शारीरिक बीमारियों से पीड़ित एक दिव्यांग युवती ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार सनौद थाना क्षेत्र के ग्राम जेवरतला निवासी भामिनी साहू पिता योगेन्द्र उम्र 38 वर्ष का बचपन से स्वास्थ्य ठीक नहीं था। उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं रहती थी। सिकलिन की बीमारी से पीड़ित थी। कमर में कमजोरी के कारण उसे चलने-फिरने में तकलीफ होती थी जिसके कारण वह परेशान रहती थी। सोमवार को भाई ढालसिंह साहू खेत चला गया। उसकी मां दोपहर में खाना खाकर घर में सो रही थी। इसी दौरान युवती घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर उल्टी कर रही थी। घटना की जानकारी होने पर परिजन युवती को उपचार के लिए गुरूर अस्पताल ले गए। जहां से रिफर करने पर युवती को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान मंगलवार की सुबह युवती की मौत हो गई।

पावर प्लांट के दूषित पानी से तालाब हुआ प्रदूषित

- निस्तारी से चर्मरोग और आंख में संक्रमण की समस्या
- ग्रामीणों ने कलेक्टर से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



भखारा तहसील के ग्राम बंजारी स्थित पावर प्लांट के गंदे पानी से तालाब प्रदूषित हो रहा है। ग्रामीणों ने तालाब में डाले जा रहे प्रदूषित पानी को बंद कराने की मांग कलेक्टर से की है।

मंगलवार को बंजारी के ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। घनश्याम डहरे, भूषण बारले ने बताया कि ग्राम बंजारी में रुपगढ़ पावर एलाईश प्रालि का पावर प्लांट स्थापित है जहां भूसा और कोयला से 8 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जाता है। विगत 15 दिनों से पावर प्लांट का प्रदूषित पानी गांव के बतहा तालाब में जा रहा है। इससे तालाब का पानी प्रदूषित हो गया है। पानी अब नहाने और जानवरों के पीने लायक नहीं है। नहाने पर खुजली और आंख में संक्रमण की समस्या हो रही है। इस समस्या को लेकर पंचायत में ग्राम सभा हुई, जहां सरपंच ने इसे तालाब में रिसाव बताकर रोकथाम के लिए कोई कार्रवाई नहीं की। ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपे आवेदन में दूषित पानी की जांच कराने तथा भविष्य में पावर प्लांट के दूषित पानी का निबटारा पावर प्लांट के भीतर कराने की मांग की है।

बोड़रा में पंडवानी आज

डाही धमतरी। क्वांर नवरात्रि पर्व के अवसर पर ग्राम बोड़रा (डाही) में पैरी लहर छत्तीसगढ़ी पंडवानी पार्टी गरियाबंद का कार्यक्रम 14 अक्टूबर को न्यू दुर्गोत्सव समिति रंगमंच चौक में रखा गया है। तैयारी में समिति के अध्यक्ष संतोष सेन, उपाध्यक्ष रामसिंग साहू उपसरपंच, सचिव भूषण साहू, सहसचिव बृजबिहारी साहू, कोषाध्यक्ष महेशराम पाल, संरक्षक रामाधार सेन, भागी यादव समेत अन्य जुटे हैं। यह जानकारी हिम्मत साहू संचालक ने दी है।

स्वामी आत्मानंद स्कूल कुकरेल में अंग्रेजी शिक्षक की मांग

- दो माह से पद रिक्त, पढ़ाई प्रभावित होने की शिकायत

धमतरी। कुकरेल स्थित आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय में अंग्रेजी शिक्षक पदस्थ करने तथा नियमित पढ़ाई शुरु कराने की मांग कलेक्टर से की गई है। मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचे पालक चंद्रहास साहू, नीरज साहू ने कलेक्टर के नाम आवेदन सौंपा । आवेदन में कहा है कि क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण



शिक्षा देने के लिए कुकरेल में शासन द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। विगत दो माह से विद्यालय में अंग्रेजी विभाग के शिक्षक का पद रिक्त है जिसके कारण कक्षा 11वीं के छात्रों की पढ़ाई पूरी तरह से ठप है।

आगामी छमाही परीक्षा को देखते हुए बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। पालकों एवं छात्रों ने स्थानीय स्तर पर कई बार शिक्षक पदस्थ करने का अनुरोध किया लेकिन कोई समाधान नहीं निकाला गया। उन्होंने कहा कि छात्रों के भविष्य को देखते हुए स्कूल में शीघ्र स्थाई या वैकल्पिक अंग्रेजी विषय के शिक्षक की नियुक्ति की जाए।

अतिथि व्याख्याताओं ने मांगा आकस्मिक अवकाश का वेतन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बाबू पंढरीराव कृदत्त शासकीय महाविद्यालय सिलौटी के अतिथि व्याख्याताओं ने आकस्मिक अवकाश का वेतन दिलाने की मांग कलेक्टर से की है।

प्रो. त्रिभुवन सिन्हा सहित अतिथि व्याख्याताओं ने कलेक्टर को आवेदन कर कहा है कि सितंबर माह में अत्याधिक वर्षा के कारण 25 एवं 26 सितंबर को जिले के समस्त महाविद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया था। वर्तमान में अग्रणी महाविद्यालयों के साथ अन्य महाविद्यालयों में उक्त अवकाश दिवस का वेतन भुगतान किया जा रहा है। सिलौटी महाविद्यालय के अतिथि व्याख्याताओं ने आकस्मिक अवकाश दिवस का वेतन दिलाने की मांग की है।

- सितंबर माह में हुई अत्याधिक वर्षा से आकस्मिक अवकाश का मामला



खबर संक्षेप

सब्जी मंडी निर्माण के लिए 10 करोड़ की स्वीकृति

धमतरी। शहर के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पुरानी कृषि उपज मंडी में सब्जी मंडी निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।



- सभापति ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव का जताया आभार

इस सौगात के लिए नगर निगम की सभापति श्रीमती कौशिल्या देवांगन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया है। सभापति श्रीमती देवांगन ने कहा कि सब्जी मंडी निर्माण से धमतरी में सब्जी कारोबार को व्यवस्थित स्वरूप मिलेगा। व्यापारियों को एक ही स्थान पर व्यवसाय करने की सुविधा मिलेगी, वहीं किसानों को अपनी उपज के क्रय-विक्रय के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध होगा। इससे स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलने के साथ किसानों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में अलग-अलग स्थानों पर सब्जी का कारोबार होने से यातायात और बाजार व्यवस्था प्रभावित होती है। मंडी निर्माण से व्यापारिक गतिविधियों को एक स्थान पर व्यवस्थित करने में मदद मिलेगी, जिससे यातायात सुगम होगा और आम नागरिकों को भी खरीदारी में सुविधा मिलेगी।

धोबनी तालाब के पास सट्टा खिलाते आरोपी पकड़ाया

कुरुद। कुरुद में अवैध सट्टे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 65 वर्षीय आरोपी प्रकाश कश्यप को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 3,100 रुपये नकद, सट्टा-पट्टी, अंकों का हिसाब लिखा कागज और डॉट पेन जब्त किया गया। पुलिस के अनुसार धोबनी तालाब स्थित आंगनबाड़ी भवन के पास सट्टा खिलाए जाने की सूचना मुखबिर से मिली थी। इसके बाद थाना कुरुद पुलिस ने मौके पर दबिश दी। वहां प्रकाश कश्यप लोगों से रुपये लेकर हार-जीत का दांव लगवाते हुए अंकों के आधार पर सट्टा-पट्टी लिख रहा था। पुलिस ने उसे मौके पर पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रकाश कश्यप (65) पिता स्वर्गीय छबिलाल कश्यप निवासी सरोजनी चौक कुरुद के रूप में हुई है। उसके खिलाफ थाना कुरुद में छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम, 2022 की धारा 6(क) में मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है।



- अवैध सट्टे पर पुलिस की दबिश, 3100 रुपये नकद समेत सट्टा-पट्टी जब्त

जहर सेवन से युवती की मौत

धमतरी। दिमागी हालत कमजोर होने के कारण एक युवती ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम बरारी निवासी हेमरानी यादव पिता हुमन उम्र 28 वर्ष 11 वीं कक्षा तक पढ़ी है। 4-5 वर्ष की उम्र में हेमरानी को मोटरसाइकिल से चोट पहुंची थी। घटना में उसके सिर पर गंभीर चोट लगी थी। उपचार रायपुर के अस्पताल में कराया गया। इस दौरान डॉक्टरों ने कहा था कि उम्र बढ़ने के साथ-साथ हेमरानी ठीक हो जाएगी। सोमवार की रात्रि युवती ने घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। युवती ने अपनी मां चंद्रिका यादव को जहर सेवन कर लेने की जानकारी दी। परिजनों ने संजीवनी 108 की मदद से युवती को उचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान सोमवार की रात्रि युवती की मौत हो गई।

- बरारी की घटना

धमतरी में एडवेंचर टूरिज्म को नई उड़ान, सटियारा में शुरू हुई रॉ कैंपिंग की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गंगरेल बांध का विशाल जलक्षेत्र, हरे-भरे वन, पहाड़ियां और ग्रामीण अंचलों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत धमतरी जिले को प्रकृति एवं एडवेंचर टूरिज्म के लिए विशिष्ट पहचान दिलाने की क्षमता रखते हैं। इन संभावनाओं को पर्यटन गतिविधियों में बदलने की दिशा में जिले के सटियारा गांव में रॉ कैंपिंग की पहल की गई है। कैंपिंग एवं पर्यटन कंपनी कैंपवन्स द्वारा आयोजित दो दिवसीय, एक रात्रि के शिविर में रायपुर, भिलाई और बिलासपुर से पहुंचे पर्यटकों ने प्रकृति के बीच समय बिताने के साथ ग्रामीण जीवन और स्थानीय संस्कृति को करीब से जाना। सटियारा में आयोजित रॉ कैंपिंग शिविर में पर्यटकों को पारंपरिक पर्यटन से अलग प्रकृति के बीच ठहरने और ग्रामीण परिवेश को समझने का अवसर मिला।

शिविर के दौरान टेंट में रात्रि विश्राम, जंगल में ट्रेकिंग, बोटिंग, अलाव के आसपास सामूहिक गतिविधियों और कहानी-कथन जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। आयोजन में भोजन, सुरक्षा और आवश्यक सुविधाओं के लिए टीम की व्यवस्था भी रही। शिविर में शामिल पर्यटकों ने गांव के लोगों से संवाद किया।

गंगरेल बांध के आसपास के डुबान क्षेत्रों में पर्यटन विकास की व्यापक संभावनाएं

सटियारा के बाद हरफर और कोलियारी में भी पर्यटन विकास की तैयारी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने बताया कि सटियारा को कैंपिंग साइट के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। गंगरेल बांध के आसपास के डुबान क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों के विस्तार की व्यापक संभावनाएं हैं। इन्हें ध्यान में रखते हुए हरफर, कोलियारी सहित अन्य उपयुक्त क्षेत्रों में भी पर्यटन सुविधाएं विकसित करने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कोलियारी क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को व्यवस्थित स्वरूप देने और पर्यटन समिति के गठन की पहल की जा रही है।



बेहतर पहुंच मार्ग और बुनियादी सुविधाओं पर जोर

पर्यटन स्थलों तक पर्यटकों की सुगम पहुंच और सुविधाजनक ठहराव के लिए सड़क संपर्क, संकेतक बोर्ड, पार्किंग, स्वच्छता, पेयजल और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं महत्वपूर्ण हैं। पर्यटन गतिविधियों के विस्तार के साथ संबंधित क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार पहुंच मार्गों के सुधार और आधारभूत सुविधाओं के विकास की जरूरत पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

बॉलीवुड अभिनेत्री अवनीत कौर की शानदार एंट्री से युवाओं में जबरदस्त उत्साह

आराध्य गरबा : बॉलीवुड सितारों की चमक और मां की भक्ति की दमक से जगमगाया धमतरी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धर्म, आस्था और मनोरंजन के संगम आराध्य गरबा 2026 में बॉलीवुड अभिनेत्री अवनीत कौर की शानदार एंट्री ने शहर में उत्साह का माहौल बना दिया। अभिनेत्री की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में युवा और प्रशंसक उमड़े। मां भगवती की आराधना, पारंपरिक गरबा और भव्य आयोजन ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे प्रतिभागियों ने गरबा की धुन पर प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने मां बिलाई माता की पूजा-अर्चना और भगवा ध्वजारोहण के साथ किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, जिला महामंत्री महेंद्र पंडित एवं राकेश साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रकाश शर्मा, खूबलाल ध्रुव, कमल डागा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष शुभांक मिश्रा, लोकेश डागा और विकास शर्मा सहित आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

आयोजन को सफल बनाने में प्रकाश शर्मा, योगेश रायचुरा, महेंद्र पंडित, विकास शर्मा, लोकेश डागा, शुभांक मिश्रा, सूरज शर्मा, तुषार सोनी, आदित्य पंसारी, सुभाष चंद्राकर, अभिषेक शर्मा, निशांत सिन्हा, तनवीर सिन्हा, राजा शर्मा, जगत शर्मा, नीशु तिवारी, राखी रायचुरा, बरखा शर्मा, प्राची सोनी, विशाखा शर्मा, हर्षा माहेश्वरी, डॉ. अपूर्व पवार, शिष्या त्रिपाठी, सारिका रावत, कृतिका मूलवानी, श्वेता राठी, पिंकी सोनवानी, आशी दीवान सहित समिति के सदस्यों की भूमिका रही।



समाज को लौटाना ही मेरा धर्म : राजेश शर्मा

पंडित राजेश शर्मा ने श्रद्धालुओं और गरबा प्रेमियों का आभार जताते हुए कहा कि ईश्वर ने समाज के माध्यम से उन्हें जो कुछ दिया है, उसे समाज को लौटाना ही उनका धर्म और प्रभु की सच्ची सेवा है। उन्होंने कहा कि लोगों का प्रेम, विश्वास और आशीर्वाद उनकी सबसे बड़ी पूंजी है।

समाजसेवा के लिए समर्पित हैं पं. राजेश शर्मा : कौशिक

धरमलाल कौशिक ने आराध्य गरबा के संरक्षक एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पंडित राजेश शर्मा की सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पंडित राजेश शर्मा का जीवन समाज के प्रति समर्पण का उदाहरण है। ऐसे व्यक्तित्व धार्मिक परंपराओं को मजबूत करने के साथ नई पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ने की प्रेरणा देते हैं।

ऐसा व्यक्तित्व पहले कभी नहीं देखा : कौर

अभिनेत्री अवनीत कौर ने कहा कि अपने सफर में वह अनेक बड़ी हस्तियों से मिली हैं, लेकिन पंडित राजेश शर्मा जैसा व्यक्तित्व पहले कभी नहीं देखा। समाजसेवा के प्रति उनका समर्पण और लोगों की सहायता करने की भावना अद्भुत है। इस दौरान युवाओं ने उनके साथ सेल्फी ली और मोबाइल कैमरों में यादगार पल कैद किए। अभिनेत्री ने हाथ जोड़कर और हाथ हिलाकर धमतरीवासियों का अभिवादन स्वीकार किया।

दुष्कर्म का आरोपी रायपुर से गिरफ्तार

- वर्ष 2019 में नाबालिग को लेकर हुआ था फरार
- सिटी कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग बालिका को भगा ले जाकर शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने सात साल बाद रायपुर से गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पुलिस के अनुसार वर्ष 2019 में शहर की एक नाबालिग बालिका के लापता होने पर थाना सिटी कोतवाली में गुमइंसान कायम कर धारा 363 भादवि के तहत अपराध दर्ज किया गया था। कोतवाली पुलिस को विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर पीड़िता के अलीगढ़ में होने की जानकारी मिली। पुलिस टीम तत्काल अलीगढ़ के लिए रवाना हो गई जहां पुलिस ने दबिश देकर पीड़िता को सकुशल बरामद किया। पीड़िता के कथन एवं विवेचना से प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर आरोपी दीपककुमार उर्फ दयालु द्वारा शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने एवं दुष्कर्म करने के आरोप सामने आाए। प्रकरण में धारा 366, 376/2/1/एन भादवि एवं 4, 6 पाक्सो एक्ट जोड़ा गया।

आरोपी को भेजा गया जेल

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी दीपक उर्फ दयालु ग्राम बुढांसी अलीगढ़ उत्तरप्रदेश निवासी को रायपुर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को विशेष न्यायालय एफटीसी धमतरी में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। इस कार्रवाई में सिटी कोतवाली की एएसआई पुष्पा पाण्डेय, आरक्षक गजेंद्र टंडन एवं महिला आरक्षक मीनाक्षी साहू का योगदान रहा।



नवरात्रि पर देवी मंदिरों में उमड़ी भीड़ हजारों ज्योति कलश प्रज्ज्वलित

- भक्ति गीतों और जसगीतों की गूंज से पूरा शहर भक्तिमय नजर आ रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन धमतरी में देवी आराधना का उत्साह चरम पर पहुंच गया है। शहर के प्रमुख देवी मंदिरों से लेकर सार्वजनिक दुर्गा पंडालों तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। मंदिरों में सुबह से देर रात तक दर्शन-पूजन का सिलसिला जारी है। वहीं भक्ति गीतों और जसगीतों की गूंज से पूरा शहर भक्तिमय नजर आ रहा है। इस वर्ष नगर के विभिन्न मंदिरों और दुर्गा पंडालों में 10 हजार से अधिक मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए हैं।

गंगरेल स्थित मां अंगारमोती मंदिर में कुल 6,601 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित हैं। इनमें तेल के 4,603 और घी के 1,798 कलश शामिल हैं। वहीं, नगर के आराध्य मां बिलाई माता मंदिर में 2,535 मनोकामना ज्योति जल रही हैं। दोनों मंदिरों में छत्तीसगढ़ सहित देश-विदेश के श्रद्धालु ज्योति कलश स्थापित कराते हैं। पोलैंड, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और दुबई से भी मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है।

नगर के रिसाई माता मंदिर में तेल के 92 और घी के 10, दानीटोला स्थित शीतला माता मंदिर में लगभग 200, बस स्टैंड स्थित मां काली मंदिर में 87, पावर हाउस के पास मां दुर्गा मंदिर में 71 तथा सोरिद नगर स्थित काली मंदिर में 85 ज्योति कलश स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त नगर के अन्य मंदिरों और आसपास के गांवों के 200 से अधिक सार्वजनिक दुर्गा पंडालों में भी मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित की गई हैं।

नवरात्र के आगामी दिनों में 14 अक्टूबर को मां कूष्मांडा, 15 अक्टूबर को मां स्कंदमाता, 16 अक्टूबर को मां कात्यायनी, 17 अक्टूबर को मां कालरात्रि, 18 अक्टूबर को मां महागौरी और 19 अक्टूबर को मां सिद्धिदात्री की पूजा होगी। 20 अक्टूबर को विजयादशमी मनाई जाएगी।



83 हितग्राहियों को नोटिस जारी होने के बाद 10 ने पूरा कराया निर्माण, शेष को अंतिम नोटिस की तैयारी

अधूरे पीएम आवास को पूर्ण कराने निगम सख्त, 73 हितग्राहियों से होगी वसूली



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जरूरतमंद परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराने के साथ सरकारी राशि का सदुपयोग सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 1.0 अंतर्गत किस्तों की राशि मिलने के बावजूद आवास निर्माण अधूरा छोड़ने वाले 73 हितग्राहियों से करीब 70 लाख रुपये की वसूली की जाएगी। निगम द्वारा अंतिम नोटिस जारी करने की तैयारी की जा रही है। इस कार्रवाई का उद्देश्य हितग्राहियों को निर्माण पूरा करने के लिए प्रेरित करना और शासकीय राशि की वसूली करनी है।

योजना के बीएलसी घटक के तहत हितग्राहियों को स्वयं अपना मकान बनाना था। इसके लिए पात्र हितग्राहियों को पहली, दूसरी और तीसरी किस्त की राशि जारी की गई थी। इसके बावजूद कुछ हितग्राहियों ने निर्माण कार्य बीच में ही रोक दिया। निगम प्रशासन ने ऐसे 83 हितग्राहियों को नोटिस जारी कर आवास निर्माण पूरा करने अथवा प्राप्त राशि वापस जमा करने के निर्देश दिए थे। निगम की इस पहल का सकारात्मक परिणाम सामने आया और 10 हितग्राहियों ने अपने आवास का निर्माण पूरा करा लिया। हालांकि शेष 73 हितग्राहियों के आवास अभी भी अधूरे हैं। निर्माण पूरा करने का अवसर दिया गया था।

अंतिम नोटिस के बाद होगी नियमानुसार कार्रवाई

निर्धारित समय-सीमा समाप्त होने के बाद निगम प्रशासन अब बकाया राशि की वसूली के लिए आगे की कार्रवाई करने जा रहा है। संबंधित हितग्राहियों को अंतिम नोटिस जारी किया जाएगा। इसके बाद भी राशि जमा नहीं करने वालों के प्रकरण राजस्व विभाग को भेजे जाएंगे। नियमानुसार वसूली के साथ जरूरत पड़ने पर संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई भी की जाएगी।

अब तक 4290 आवास पूर्ण

नगर निगम से मिली जानकारी के अनुसार योजना के तहत अब तक करीब 4290 आवास पूर्ण हो चुके हैं। नोटिस जारी होने के बाद 10 हितग्राहियों ने भी निर्माण पूरा कराया है। शेष 73 हितग्राहियों से करीब 70 लाख रुपये की वसूली की जानी है। अंतिम नोटिस के बाद भी राशि जमा नहीं होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। निगम प्रशासन का लक्ष्य अधूरे आवासों को पूरा कराना और सरकारी धन की जवाबदेही सुनिश्चित करना है।

ट्रक व मेटाडोर में भिड़ंत, 5 घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नेशनल हाईवे में धान से भरी ट्रक व मेटाडोर के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। घटना में ट्रक चालक सहित पांच लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात्रि ट्रक ग्राम कनेरी से धान भरकर धमतरी की तरफ आ रहा था। इसी दौरान रास्ते में तीन युवकों ने अपनी गाड़ी के खराब हो जाने से उसे सड़क किनारे खड़ी कर ट्रक को रोककर धमतरी तक जाने के लिए चालक से लिफ्ट मांगी।

चालक ने ट्रक रोककर तीनों को केबिन में बिठा लिया। उसके बाद ट्रक पुरूर से नेशनल हाईवे होते धमतरी की तरफ बढ़ रहा था। इसी दौरान धमतरी से पुरूर की तरफ मेटाडोर जा रही थी। ग्राम चिटौद के पास ट्रक व मेटाडोर के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। मेटाडोर की टककर से ट्रक के सामने का हिस्सा पिचक जाने से चालक अजय सिन्हा उम्र 25 वर्ष पिता परसराम सिहावा चौक निवासी केबिन व स्टेयरिंग के बीच फंस गया। वहीं लिफ्ट लेकर ट्रक में सवार सुरेश देशलहरे उम्र 20 वर्ष, दीपचंद 53 वर्ष, संजय उम्र 43 वर्ष मकेश्वर वार्ड धमतरी निवासी को भी चोट आई है। घटना में ट्रक चालक के सिर व कमर में चोट लगी है। उसका एक पैर फ्रैक्चर हो गया है। वहीं मेटाडोर चालक भी घायल हुआ है। सूचना पर रेडक्रास सोसायटी के वाइस चेयरमेन शिवा प्रधान व डोमन साहू एम्बुलेंस के साथ मौके पर पहुंच गए। जहां कड़ी मशक्कत के बाद ट्रक के केबिन में फंसे चालक अजय को बाहर निकाला। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। ट्रक चालक को गंभीर चोट के चलते रिफर कर दिया गया। उसका इलाज मसीही अस्पताल में जारी है।

पंचमी पर मां अंगारमोती का होगा विशेष श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- नवरात्रि पर्व पर मां अंगारमोती मंदिर गंगरेल में गुरुवार को पंचमी के अवसर पर ट्रस्ट एवं श्रद्धालुओं द्वारा सुबह 11 बजे आदिशक्ति मां अंगारमोती का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। ट्रस्ट के सदस्य पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ रूढ़िजन्य परंपरा का निर्वहन करते हुए माता की सेवा-अर्जी करेंगे। इसके साथ ही माता को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन मरई ने श्रद्धालुओं से पंचमी के अवसर पर मंदिर पहुंचकर माता का दर्शन करने और पारंपरिक आयोजन में सहभागी बनने की अपील की है।
- 56 भोग अर्पित करेंगे ट्रस्ट के सदस्य



अंचल में पड़ने लगी गुलाबी ठंड

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मानसून अब लौट गया है। इसके साथ ही अंचल में ठंड ने दस्तक दे दी है। सुबह गुलाबी ठंड के साथ कोहरा बरसना शुरू हो गया है। हेल्दी मौसम शुरू होने से सड़कों पर मार्निंग वॉक करने वालों की संख्या भी बढ़ी है।

इस साल मानसून ने विलंब से प्रवेश किया और 100 दिन से ज्यादा सक्रिय रहा। इस दौरान अंचल में अच्छी बारिश देखने को मिली। अलनीनो का प्रभाव कहीं पर नहीं दिखा और औसत से ज्यादा बारिश हुई।

अक्टूबर माह के शुरूआती दिनों में ही मानसून ने प्रदेश से विदाई ले ली है। इसके साथ ही अंचल में ठंड का मौसम शुरू हो गया है। सुबह-सुबह कोहरे के साथ ओस बरसना शुरू हो गया है। सुबह का मस्त नजारा होने के कारण मार्निंग वॉक करने वालों की संख्या में इजाफा हुआ है। उम्मीद है कि सप्ताहभर में अच्छी ठंड पड़नी शुरू हो जाएगी।





